समस्त पत्र–व्यवहार कुलसचिव, लखनऊ विश्वविद्यालय, को सम्बोधित करें अन्य किसी अधिकारी के नाम से नहीं।

पत्र संख्या :..............................

दिनांक :..................................

प्रेषक,

कुलसचिव,
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ–226007,

सेवा में,

समस्त संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष / निदेशक / समन्वयक / समस्त प्रधान अन्वेषक,
रिसर्च एण्ड डेवलपमेन्ट योजना,
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

विषयः वित्तीय वर्ष 2022–23 में रिसर्च एण्ड डेवलपमेन्ट योजना के अन्तर्गत शोध कार्यो के लिए प्रस्ताव उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया शासन के पत्र संख्या–276 / रा0उ0शि0 / 33 / 2018 दिनांक 24 जून, 2022 के द्वारा रिसर्च एण्ड डेवलपमेन्ट योजना के अन्तर्गत शोध कार्यो के लिए प्रस्ताव उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में है।

इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि वित्तीय वर्ष 2022–23 में रिसर्च एण्ड डेवलपमेन्ट योजना के अन्तर्गत अनुदान स्वीकृति के प्रस्ताव उक्त योजना हेतु निर्धारित दिशा–निर्देशों के अनुसार प्रस्ताव तैयार कर शासन को 10 जुलाई, 2022 तक उपलब्ध कराने को निर्देशित किया गया है, साथ ही प्रस्तुत प्रस्ताव में निम्न क्षेत्रों का विशेष रूप से ध्यान रखा जाये :–

1. केन्द्रीय बजट 2022–23 में मा0 केन्द्रीय वित्त मंत्री जी द्वारा यह उद्घोषित किया गया है कि रक्षा और विकास कार्य उदिष्ट रक्षा अनुसंधान और विकास बजट के 25 प्रतिशत के साथ उद्योगों, स्टार्ट–अप और शिक्षा जगत के लिए खोला जाएगा। निजी उद्योगों को SPV मॉडल से DRDO और अन्य संगठनों के सहयोग से सैन्य प्लेटफार्म और उपकरणों के डिजाइन और विकास निष्पादित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।
2. Sunrise Opportunities के अन्तर्गत अनुसंधान एवं विकास को प्रोत्साहित किया जाएगा। इन अवसरों में अनुसंधान एवं विकास कार्य के लिए शिक्षा जगत, उद्योग एवं सार्वजनिक संस्थाओं के बीच सहयोग के प्रयासों को शासकीय अंशदान प्रदान किया जाएगा।

उक्त के साथ ही शासन द्वारा यह भी निर्धारित किया गया है कि प्रश्नगत प्रस्तावों के सम्बन्ध में इस आशय का प्रमाण पत्र दिया जायगा कि प्रस्ताव नियमित विभागों से ही सम्बन्धित है, यह भी स्पष्ट किये जाने की अपेक्षा की गयी है कि संदर्भित शासनादेश संख्या–901 / सत्तर–4–2022 दिनांक 26 अप्रैल, 2022 एवं संख्या–1019 / सत्तर–4–2022 दिनांक 11 मई, 2022 में दिये गये निर्देशों के अनुसार स्पष्ट रूप से सूचित किया जाये कि विश्वविद्यालय / उच्च शिक्षा संस्थानों में रक्षा अध्ययन, Sunrise Opportunities आदि में कौन–कौन से प्रोजेक्ट केन्द्र सहायतित अथवा राज्य अनुदानित, UGC, DST, CSIR आदि के चल रहे है।

अतः आपसे अनुरोध है कि **उक्त निर्देशों / रिसर्च एण्ड डेवलपमेन्ट योजना के दिशा–निर्देशों के अनुसार दिनांक 05.07.2022 तक प्रस्ताव उपलब्ध कराने का कष्ट करें**, जिससे शासन को निर्धारित अवधि में प्रस्ताव प्रेषित किये जा सकें।

संलग्नक – यथोपरि।

भवदीय,

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

संख्या PJ/12301-05 दिनांक 25/06/2022

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. अधिष्ठाता, शोध, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
3. वित्त अधिकारी, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
4. इंचार्ज बेवसाइट को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना समस्त को ईमेल के माध्यम से प्रेषित करने का कष्ट करें।

कुलसचिव